| | |
|---|---|
| SPAN Statewide Parent Advocacy Network | स्टेटवाईड पेरेंट एडवोकेसी नॅटवर्क (राज्यव्यापी अभिभावक हिमायती मंडली)<br>एन.जे फ़ॅमिली टु फ़ॅमिली हेल्थ इन्फ़ोर्मेशन सेंटर एण्ड फ़ॅमिली वोइसेस स्टेट अफ़िफ़्लएट ओर्गनाइज़ेशन<br>(न्यू जर्सी  का परिवार स्वास्थ्य सूचना केंद्र और परिवारों की आवाज़ राज्य सहयोगी संगठन) |

**शीघ्र मध्यवर्तन और शिक्षा संसाधन**

**परिवार सफलता केन्द्रों, एफ़.क्यु.एच.सी, और अन्य सीबीओ के लिए जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चे के परिवारों के साथ काम करते हैं।**

**जन्म से ३ वर्ष की आयु तक के शिशुओं और बच्चों के लिए शीघ्र मध्यवर्तन सेवाएं**

यदि आप किसी ऐसे परिवार की मदद कर रहे हैं जिसमें उनका शिशु या नन्हा बच्चा अक्षमता, विकासात्मक देरी से प्रभावित है या उसे विशेष स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें हैं

- परिवार को शीघ्र मध्यवर्तन "प्रविष्टि की व्यवस्था बिंदु" से संपर्क  करने में मदद करें । टोल फ्री नंबर  ८८८-६५३-४४६३ (888-653-4463) पर कॉल करें । परिवार को शीघ्र मध्यवर्तन प्रणाली के बारे में जानकारी दी जाएगी और बच्चे के विकास से संबंधित कुछ प्रश्न पूछें जाएंगे कि उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि उनके बच्चे के स्वास्थ्य या विकास में कोई समस्या है। शीघ्र मध्यवर्ती दल बच्चे के घर जाके उसकी पात्रता के मूल्यांकन  के लिए एक सुविधाजनक समय निर्धारित करेगा । यदि बच्चे की पात्रता निर्धारित होती है तो परिवार को एक सेवा समन्वयक सौंपा जाएगा ।सेवा समन्वयक, अभिभावक और मुल्यांकन दल का एक प्रतिनिधि  व्यक्तिगत परिवार सेवा योजना का विकास करेंगें (इंडुविजुअलाइज़ड फ़ॅमिली सर्विसेस प्लॅन) । अधिकतर सेवाएं घर पर ही प्रदान की जाएंगी, पर यदि परिवार के लिए अधिक सुविधाजनक हो तो बाल-संरक्षण केंद्रों  या अन्य सामुदायिक वातावरण में सेवाएं प्रदान की जा सकतीं हैं।संघीय गरीबी स्तर के ३००% तक की आय रखने वाले परिवारों के लिए ये सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं । संघीय गरीबी स्तर के ३००% से अधिक आय रखने वाले परिवारों के लिए ये सेवाएं रपट स्तर पर प्रदान की जाती हैं । यदि परिवार को अपने शीघ्र मध्यवर्तन सेवाओं के विषय में कोई चिन्ता है तो परिवार अपने क्षेत्रीय शीघ्र मध्यवर्तन सहयोगी (रीजनल अर्ली इंटरवेंशन कोलॅबोरेटिव- आर.ई.आई.सी) के परिवार-समर्थन कर्मचारी से बात कर सकतें हैं।आर.ई.आई.सी की पूरी सूची यहाँ उपलब्ध है- http://www.njeis.org. परिवार स्टेटवाईड पेरेंट एडवोकेसी नॅटवर्क (राज्यव्यापी अभिभावक हिमायती मंडली) स्पैन को ८००-६५४- ७७२६ (800-654-SPAN) पर कॉल कर सकतें हैं । इसके बाद भी यदि परिवार चिन्तित है तो उनका संपर्क प्रक्रियात्मक सुरक्षा कार्यालय से टॉल फ्री ८७७-२५८-६५८५ (877-258-6585) पर करा दें। शीघ्र मध्यवर्तन और परिवार के अधिकार के के अवलोकन के लिए देखें http://www.nj.gov/health/fhs/documents/intervention.pdf.

**अक्षम प्रीस्कूली एवं स्कूल जाने वाली उम्र के बच्चों के लिए शिक्षा सेवाएं (३-२१)**

यदि आप किसी ऐसे परिवार की मदद कर रहे हैं जिसमें उनका प्रीस्कूली एवं स्कूल जाने वाली उम्र का बच्चा, अक्षमता  विकासात्मक देरी से प्रभावित है या उसे विशेष स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें हैं

- परिवार को *चाइल्ड फ़ाइण्ड* परियोजना से संपर्क करने  में मदद करें। टोल फ्री नंबर ८००-३२२-८१७४ (800-322-8174) पर कॉल करें। इस नंबर पर ७ दिन / सप्ताह, २४ घंटे / दिन मदद उपलब्ध है।  परिवार को यह जानकारी दी जाएगी कि वह अपने स्कूल जिला से मूल्यांकन का अनुरोध करने के लिए एवं इस प्रक्रिया में अपने अधिकारों के लिए कैसे संपर्क कर सकते हैं। परिवारों को विशेष शिक्षा में माता पिता के अधिकारों (पेरेंटल राईटस इन स्पेशल एजुकेशन-पी.आर.आई.एस.ई -Prise) की एक प्रति, जिसमें उनके अधिकारों का अवलोकन शामिल है, का अनुरोध करना चाहिए। अभिभावकों को स्कूल ज़िला के साथ होने वाली एक बैठक में आमंत्रित किया जाएगा जहाँ अभिभावक और जिला बाल अध्ययन दल (डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड स्टडी टीम- सी.एस.टी) यह चर्चा करेंगें कि बच्चे का मुल्यांकन होगा कि नहीं । यदि सभी सहमत होतें हैं कि बच्चे का मुलयांकन हो, तो सी.एस.टी मुलयांकन के लिए अभिभावकों की अनुमति लेगी, मुलयांकन को संचालित करेगी और फिर अभिभावकों के साथ मिल कर यह चर्चा करेगी कि बच्चा पात्र है या नहीं। यदि बच्चा विशेष शिक्षा का पात्र है तो अभिभावक और सी.एस.टी मिलकर व्यक्तिगत शिक्षा योजना (इण्डुविजुअलाइज़ड एजुकेशन प्रोग्राम- आई.ई.पी) को विकसित करेंगे जिसमें बच्चे के सामर्थ्य, आवश्यकताओं, शैक्षणिक लक्ष्यों और उद्देश्यों, प्रदान की जाने वाली सेवाओं, और कि कहाँ सेवाएं प्रदान की जाएंगी (आशा करतें हैं कि जहाँ तक हो सके सामान्य शिक्षा कक्षा में) का समावेश होगा। स्पैन के मूल अधिकारों पर पुस्तिका www.spannj.org/BasicRights पर उपलब्ध है।  http://www.nj.gov/education/specialed/info/.  पर पी.आर.आई.एस.ई की पुस्तिका अंग्रेज़ी, स्पैनिश, पुर्तगाली, अर्बी तथा कोरियन में उपलब्ध है। चिन्ताएं होने पर अभिभावक स्पैन से ८००-६५४- ७७२६ (800-654-SPAN) पर संपर्क कर सकतें हैं।

**विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के परिवारों के साथ काम करने वाले परिवार सफलता केन्द्रों के लिए स्वास्थ्य / मानसिक स्वास्थ्य संसाधन**

यदि आप ऐसे परिवार के साथ काम कर रहें हैं जिनके यहाँ एक बच्चा है जिसे स्वास्थ्य के लिए विशेष देखभाल की जरूरत है, विकासात्मक देरी है या संज्ञानात्मक अक्षमताएं हैं, या शारीरिक स्वास्थ्य समस्या है:

- परिवार को उनके काउंटी विशेष बाल स्वास्थ्य सेवा (काउंटी स्पेशल चाइल्ड हेल्थ सर्विसेस - एस.सी.एह.एस (SCHS) प्रकरण प्रबंधन इकाई (सी.एम.यू) से संपर्क में मदद करें। निकटतम एस.सी.एच.एस सी.एम.यू खोजने के लिए ६०९-७७७-७७७८ (609-777-7778) पर कॉल करें या निम्नलिखित पर संपर्क करें http://www.state.nj.us/health/fhs/sch/sccase.shtml। एक मामला प्रबंधक को नियुक्त किया जाएगा जो कि बच्चे के परिवार और बच्चे के चिकित्सक के साथ बच्चे के सामार्थ्य और आवश्यकतओं का मुल्यांकन करेगा, और साथ ही में बच्चे और परिवार की व्यक्तिगत सेवा योजना का विकास करेगा जिससे कि उसकी एवं उसके परिवार के चिकित्सा, शिक्षा, विकास, सामाजिक और आर्थिक आवश्यक्ताओं को संबोधित किया जाएगा। मामला प्रबंधक बच्चे को मेडिकेड, फ़ॅमिली कैर, फ़ॅमिली कैर एडवानटेज के लिए साइन-उप करने में उसकी मदद करेगा। साथ ही बच्चों और परिवारों के विभाग, दृष्टिहीनों के लिए संभाग, बधिरों या कम सुनाई देने वालों के लिए संभाग या अन्य संसाधनों के लिए भी रजिस्टर करेगा। वह विशेषता देखभाल और दंत चिकित्सा देखभाल के साथ बच्चे का संपर्क कराएगा। यदि परिवार के पास ऐसे खर्चे हैं जिनकी प्रतिपूर्ती नहीं हुई है, या अपने घर को सुलभ बनाने के खर्चे तो वह बच्चों के राहत कोष (चिल्ड्रन रिलीफ़ फ़न्ड) में विडंबना वाली बीमारियों के लिए आवेदन करेगा। बच्चे के शिक्षा सेवाओं के लिए परिवार से हिमायत भी करेगा। यदि बच्चा अप्रलेखित आप्रवासी है और उसके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, तो मामला प्रबंधक निकटतम संघ द्वारा योग्य घोषित स्वास्थ्य केंद्र में नि:शुल्क या कम लागत पर व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं से संपर्क करा सकतें हैं।

यदि आप ऐसे परिवार के साथ काम करे हैं जिनके बच्चे को भावनात्मक, मानसिक स्वास्थ्य, या व्यवहारिक आवश्यकताएं हैं ,

- **परिवार को पर्फ़ोर्म केयर जो कि न्यू जर्सी में बच्चे के व्यवहारिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए अनुबंधित व्यवस्था प्रशासक हैं से संपर्क करने में मदद करें । ८७७-६५२-७६२४ (877-652-7624) पर कॉल करें।**
(२४ घंटे / दिन, ७ दिन / सप्ताह) यह पता लगाने के लिए कि बच्चे काउंटी देखभाल प्रबंधन संगठन की सेवाओं; मोबाइल प्रतिक्रिया और स्थिरीकरण सेवाएं; या युवा मामले प्रबंधन सेवाओं के लिए पात्र है या नहीं। परिवार अपने काउंटी परिवार सहायता संगठन (एफ.एस.ओ) से परिवार के लिए समर्थन पा सकते हैं। आप न्यु जर्सी के एफ.एस.ओ संबंधी से http://njalliance-fso.org/ पर संपर्क करके अपने निकटतम एफ.एस.ओ तक पहुँच सकतें हैं। एफ.एस.ओ के पास सहायता समूह, परवरिश और शैक्षिक कार्यक्रम, अभिभावक परामर्शदाता और युवा समूह होते हैं।

यदि आप ऐसे परिवार के साथ काम कर रहें हैं जिन्हें अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में प्रश्न हैं:

- **परिवार को स्वास्थ्य विभाग के परिवार स्वास्थ्य लाईन ८००-३२८-३८३८ (800-328-3838) (२४ घंटे / दिन, ७ दिन / सप्ताह) पर संपर्क करने में मदद करें या परिवार स्वास्थ्य लिंक पर उपलब्ध संसाधन देखने के लिए कहें *http://www.nj.gov/njhealthlink/*.**
यदि आप ऐसे परिवार के साथ काम कर रहें हैं जो कि अन्य अक्षमताओं / विशेष स्वास्थ्य संबंधी संसाधनों में रुचि रखता है:
- **परिवार को http://accessdmv.net/humanservices/dds/RD_08.pdf पर उपलब्ध अक्षमता सेवा विभाग के अक्षमता संसाधन गाइड की एक प्रति प्राप्त करने में मदद करें या नि:शुल्क प्रति के लिए ८८८-२८५-३०३६ (888-285-3036) पर विभाग को कॉल करें।**
- **परिवार को परिवार सहायता केंद्र से ८००-३७२-६५१० (800-372-6510) या www.fscnj.org पर संपर्क करने में मदद करें ताकि वे विशेष स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं वाले बच्चे या अक्षमता वाले परिवारों के लिए संसाधनों का उपयोग कर सकें।**
- **परिवार को एक सहायता समूह खोजने में एन.जे स्व-सहायता क्लीरिंगहाउस से ८००-३६७-६२७४ (800-367-6274) या http://www.njgroups.org पर संपर्क करने में मदद करें**
- **परिवार को पेरेंट टु पेरेंट सपोर्ट पेरेंट से ८००-६५४- ७७२६ (800-654-SPAN) पर संपर्क स्थापित करने में मदद करें**
- **परिवार को परिवरिक स्वास्थ्य सूचना केंद्र, ८००-६५४- ७७२६ (800-654-SPAN) या सामुदायिक स्वास्थ्य कानून परियोजना, ८८८-८३८-३१८० (888-838-3180) से परिवार के लिए स्वास्थ्य हिमायती समर्थन प्राप्त करने में मदद करें।**